ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 21.06.2021

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 21.06.2021 को सप्तम अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में आर्य महिला डिग्री कालेज के सुरम्य प्रांगण में स्वास्थ्य के लिए योग का सांकेतिक आयोजन किया गया। इसके साथ ही रायफल क्लब में जिलाधिकारी/ प्रशासक श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा सप्तम अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 21.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 21.06.2021 को सप्तम अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में आर्य महिला डिग्री कालेज के सुरम्य प्रांगण में स्वास्थ्य के लिए योग का सांकेतिक आयोजन किया गया। जिसमें सस्थान के पदाधिकारियों सहित कुछ अन्य योग साधक भी सम्मिलित हुये। इस कार्यक्रम का आनलाइन जूम के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया गया। जिससे अनेकानेक लोग योग को अपने जीवन में अपना कर लाभ प्राप्त का सके। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने महर्षि पंतजलि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिये योग को नियमित दिनचर्या में शामिल ही करना चाहिय,योग के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। योग की शुरूआत संस्थान के जिला प्रधान डा0 अवधेश मणि ने सूक्ष्म व्यायाम से की। तदोपरान्त प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन,उष्ट्रासन,उत्थान, मंडूकासन, भुजंगासन ,शलभासन, सेतुबंध सर्वागासन, उत्थान पादासन, अर्धहलासन,पवन मुक्त आसान व शवासन का अभ्यास कराया गया साथ ही प्राणायाम,भ्रामरी व ध्यान का भी अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम का समापन प्रार्थना व शन्ति पाठ के साथ हुआ। संयोजन में आर्य महिला डिग्री कालेज के प्रबधंक डा0 अमितेश अमित, एस0एस0 कालेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा0 अनुराग अग्रवाल, व एस0एस0 कालेज के प्राचार्य डा0 अवनीश मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। लाइव प्रसारण में अवनीश चौहान का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही एन0एस0एस0 की जिला अधिकारी डा0 रानू द्विवेदी ने लाइव अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने का कार्य किया। जिला मंत्री कवि डा0 इन्दु अजनवी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इसके साथ ही रायफल क्लब में जिलाधिकारी/ प्रशासक श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा सप्तम अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार,सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता उपस्थित रहें।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 21.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी,कलेक्ट्रेट,विकास भवन,जजी, आवास विकास, आफीसर कालोनी, बाडूजई पेशावरी, लोधीपुर,बाडूजई द्वितीय में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बारादरी, चमकनी ,अंटा लकड़ी मण्डी, चौकी अंजान रोड वं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा सी0एम0ओ0 अफिस चौभुर्जी, खलीलशर्की, महमंद जंगला, अलीजई,तिलहरजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा रैन बसेरा, अजीजगंज,गॉधीपार्क मोझधाम, जिला अस्पताल, चारखम्बा,अब्दुल्लागंज,महमानशाह एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा दीवान जोगराज,प्रताप इन्क्लेव,वजीरगंज, बचपन कालोनी,अहमदपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5505 स्थलों एवं 450 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 21.06.2021 को सफाई जोन–1 में चिनौर, गदियाना में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में मक्कू बजरिया, फायर बिग्रेड के पीछे बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 तराई ककरा बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के,रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।